उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 30 /01/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024/08-परीक्षा/2023

लखनऊ : दिनांक : 14 मार्च, 2024

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2023, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर-III मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2022)/07 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर-III के कुल रिक्त 3768 (सामान्य चयन) + कनिष्ठ सहायक के कुल रिक्त 63 (विशेष चयन) = 3831 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 03.10.2023 थी। तदुपरांत आयोग के शुद्धि पत्र दिनांक 22 सितम्बर, 2023 द्वारा पूर्व में विज्ञापित पदों के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक/टंकक कम कनिष्ठ लिपिक के कुल रिक्त 1518 (सामान्य चयन) + कनिष्ठ सहायक के कुल रिक्त 163 (विशेष चयन) = 1681 पदों को भी उक्त विज्ञापन के अंतर्गत सम्मिलित किया गया था। इस प्रकार प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत संशोधित कुल 5512 {5286 (सामान्य चयन) + 226 (विशेष चयन)} पदों पर चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत कुल रिक्त 5512 पदों पर चयन के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2022 के स्कोर में वास्तविक (Absolute) स्कोर अथवा नार्मलाइज्ड (Normalised) स्कोर में शून्य या उससे कम/नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट न करते हुये, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2022 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर कनिष्ठ सहायक के विज्ञापित कुल 5512 पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 15 गुना (समान कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) के अनुसार 243981 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कटऑफ अंक को मा0 आयोग के निर्णय दिनांक 14.03.2024 द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु अनुमोदित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों की सूची में सम्मिलित, जांच के अधीन (Under Investigation-UI) एवं औपबंधिक श्रेणियों के अभ्यर्थी जाँच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के दृष्टिगत उक्त मुख्य परीक्षा में औपबन्धिक रूप से सम्मिलित होंगे।

उक्त के क्रम में प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों का परिणाम एवं गोपन अनुभाग के पत्र सं0-290/गोपन/01/02/2024, दिनांक 14.03.2024 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से सम्बन्धित कटऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

उपर्युक्त मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शुल्क जमा करने व परीक्षा की तिथि के सम्बन्ध में वेबसाइट के माध्यम से यथासमय पृथक से सूचित किया जाएगा।

संलग्नक-यथोपरि।

14/03/2024

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।
संख्याः—290 / गोपन / 01 / 02 / 2024
लखनऊः दिनांक 14 मार्च, 2024

आयोग के विज्ञापन संख्या—08—परीक्षा / 2023, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर—III मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0 प0—2022) / 07 के अंतर्गत विज्ञापित कुल 5512 पदों पर चयन हेतु प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)—2022 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिये अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का श्रेणीवार कट ऑफ अंकः—

<u>लम्बवत आरक्षण</u>

क्रम सं०	श्रेणी	कटऑफ अंक (PET—2022 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर)
1	अनारक्षित	15.22
2	अनुसूचित जाति	15.22
3	अनुसूचित जनजाति	03.97
4	अन्य पिछड़ा वर्ग	15.22
5	आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (EWS)	15.22

<u>क्षैतिज आरक्षण</u>

क्रम सं०	श्रेणी / उपश्रेणी		कटऑफ अंक (PET—2022 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर)
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित		वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।
2	भूतपूर्व सैनिक		03.89
3	महिला		वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।
4	उत्कृष्ट खिलाड़ी		वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।
5	दिव्यांगजन		
	(क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता	(B)	10.98
		(LV)	04.80
	(ख) बधिर और श्रवण शक्ति में ह्यास	(D)	04.92
		(HH)	06.93
	(ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी निःशक्तताः	(OA)	वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।
		(OL)	वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।
		(BL)	वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।
		(CP)	वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।
		(LC)	वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।
		(Dw)	02.58
		(AAV)	वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।
	(घ) स्वपरायणता, बौद्धिक निःशक्तताः, विशिष्ट अधिगम निःशक्तता और मानसिक अस्वस्थताः	—	पद विज्ञापित नहीं हैं।
	(ङ) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु निःशक्तताः, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक निःशक्तताः के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर—अंधता सम्मिलित है।	(MD)	14.37

14/03/2024

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।